हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता- श्रेयांश कूमट

मण्डला। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट ने शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों की बैठक ली। जिला योजना भवन में आयोजित एफएलएन की मासिक बैठक में नये शिक्षण सत्र के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता हैए इसके लिए पाठयक्रम के साथ.साथ पाठयेत्तर गतिविधियों की भी श्रंखला चलानी होगी। समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि अपार आईडी ;ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्रीद्ध अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य हैए अभी तक इसकी प्रगति निराशाजनक है। जिन विकासखंड की प्रगति 95: से कम है वह विशेष ध्यान देकर इसकी प्रगति सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यकता अनुसार आधार कैंपए समग्र के कैंप लगाएं। बच्चों के खातों में गणवेश की राशि सत्र के शुरू होने के पहले ही दी जा रही है। इसके लिए बीईओ.बीआरसी यह सुनिश्चित कराएं कि सभी बच्चे शालाओं में गणवेश पहनकर ही आएं। उन्होंने शाला प्रबंधन समिति के विषय में समीक्षा करते हुए कहा कि एसएमसी के महत्व को समझें उनके पास उपलब्ध राशि तथा पंचायत के समन्वय से स्कूल भवन मरम्मत तथा आवश्यकतानुसार कार्य स्कूल स्तर पर ही पूर्ण कराने का प्रयास करें। राज्य स्तर से पाठयपुस्तकें जिले को प्राप्त हो रही हैंए जितनी संख्या में किताबें हमारे पास है उन्हें शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में ही स्कूलों को वितरित करें। एफएलएन मेला समय पर आयोजित कराएंए ध्यान रखें कि एफएलएन केवल नंबर्स में सीमित न रहे इन गतिविधियों का प्रभाव जमीन पर दिखाई दे इसके लिए अच्छी गतिविधियां शामिल करें। बीईओ.बीआरसी इसकी सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञान सूत्र के कार्यक्रमों के लिए तैयारी करानेए प्रवेशोत्सव के तुरंत बाद ज्ञानसूत्र शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में पाठयपुस्तक वितरण की ऑनलाईन फीडिंग, गणवेश की राशि, नवीन नामांकनए प्रवेशोत्सवए पाठय पुस्तकों की स्कूलों में रिसिविंगए स्वतंत्र अभ्यास आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा, एपीसी शेषमणी गौतम, एपीसी संतोष साहूए बीईओ रंजीत गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री श्रीमती उइके ने पुष्प वर्षा कर किया

उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का स्वागत

*** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पों से स्वागत कर कराया जलपान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

चैत्र महीने में पवित्र उत्तर वाहिनी पैदल नर्मदा परिक्रमा का शुभारंभ हुआ जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न राज्यों सहित मंडला जिले के नर्मदा भक्त शामिल हुए महाराजपुर कारीकोन नर्मदा परिक्रमा पथ पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों स्थानीय नागरिकों ने उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत, अभिवादन करते हुए हर हर नर्मदे के जय घोष किए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव के साथ परिक्रमा यात्रियों को जलपान कराया। उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रा के प्रथम दिन का पड़ाव ग्राम घाघी में हुआ, यहां शाम को आयोजित नर्मदा आरती में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि उत्तर वाहिनी मां नर्मदा की पवित्र परिक्रमा यात्रा के प्रति लोगों की श्रद्धा आस्था विश्वास और आध्यात्मिक भाव का ये अदभुत समागम है।पैदल परिक्रमा में वृद्धजन मातृ शक्तियों,युवा बड़ी संख्या में शामिल हैं ।ये मां नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा का भाव मन में समेटे हुए है। परिक्रमा पथ पर जगह-जगह हर हर नर्मदे नमामि देवी नर्मदे जल तरंग सर्वदा नमामि देवी नर्मदा के जयकारों का गुंजायमान से नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने मां नर्मदा के तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना, नर्मदा जी का प्रवाह निरंतर बना रहे जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण नर्मदा जी के तटों में प्लास्टिक की सामग्री का उपयोग बंद करने के संदेश की तख्ती लेकर मार्ग में चल रहे है। उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा का यह नजारा नर्मदा परिक्रमा पथ पर हमारी सनातन धार्मिक परंपरा, आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा जी से प्रार्थना है कि यह पवित्र यात्रा सभी के लिए सुख समृद्धि और मंगलमई हो। उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा यात्रा का 28 मार्च को व्यास नारायण मंदिर राजराजेश्वरी वार्ड मंडला में समापन होगा।

सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शासकीय माध्यमिक शाला मेन ब्रांच में किया स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने आज शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक शाला मैन ब्रांच में प्राइमो पिक एन पैक प्राईवेट लिमिटेड मनेरी के सीएसआर मद से तैयार की गई स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। यह पहल छात्रों को आधुनिक शिक्षा तकनीक से जोड़ने और उन्हें बेहतर सीखने का माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि स्मार्ट क्लास आज के समय की आवश्यकता है और यह छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि शासन, शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सीईओ जिला पंचायत ने स्मार्ट क्लास में डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर और इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी आधुनिक तकनीक के माध्यम से बच्चों को प्रभावी शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पाठशाला के अध्यापकों ने स्मार्ट बोर्ड पर डेमो का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा, रंजीत गुप्ता, जीएमडीआईसी नंदकिशोर वास्कले, एपीसी शेषमणी गौतम, बीआरसी अनादि वर्मा, विमलेश मिश्रा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को मिलेगा आधुनिक शिक्षा का लाभ

बीआरसी अनादि वर्मा ने बताया कि मेनब्रांच स्कूल में अभी तक परंपरागत तरीके से शिक्षण कार्य किया जाता था। कंपनी के सीएसआर से मिली सहायता के बाद यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दिया जाना संभव हो सकेगा, जिससे शासकीय शाला के विद्यार्थी भी निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

म.प्र. उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत हजारों बच्चों के लिए देवदूत बनकर आए, होली के बाद ही दे दिया दीवाली का उपहार

भूआबिछिया। चीफ जस्टिस सुरेश कैत एवं विवेक जैन की पीठ द्वारा स्कूलों के रजिस्टर्ड किरायानामा की शर्त पर रोक लगाते हुए शासन को अपना जवाब प्रस्तुत करने हेतु 6 हफ्तों का समय दिया गया है।शासन द्वारा बनाए गए नए-नए निराधार नियमों के कारण हजारो बच्चों का भविष्य अधर में में लटक गया था। हजारों लोगों पर बेरोजगारी का खतरा मंडराने लगा था। हजारों स्कूलों के बंद होने की नौबत आ गई थी, मान्यता नवीनीकरण हेतु लगभग 4842 स्कूल आवेदन ही नहीं कर पाए थे।ऐसे में माननीय चीफ़ जस्टिस का ये फैसला सभी के लिए राहत देने वाला है। भारत सरकार 2009 के निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 2011 में मप्र में यह अधिनियम लागू किया गया तब रजिस्टर्ड किराया नामा व सुरक्षा निधि ओर प्रत्येक वर्ष का मान्यता शुल्क ऐसे कोई भी नियम निर्धारित नहीं किए गए थे। 20 से 25 वर्षों से संचालित स्कूल रजिस्टर्ड किराया नामा के कारण स्थाई रूप से बंद होने की कगार पर आ गए थे,30 से 40 प्रतिशत स्कूल संचालकों ने नोटरी कृत किरायानामा लगाकर आवेदन किया जिनकी मान्यता निरस्त हो रही हैं। नए नियमों से लगभग 7 से 8 हजार स्कूलों के बंद होने की संभावना है जिसमें कार्यरत शिक्षक शिक्षिका व कर्मचारी बेरोजगार हो सकते हैं,निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम में पढ़ने वाले बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं। इन सभी समस्याओं को मप्र प्राईवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद भागवत, प्रदेश सचिव अरविंद मिश्रा सहसचिव अनुराग भार्गव और कौषध्यक्ष मोनू तोमर सलाहकार विकास अवस्थी जबलपुर के सहयोग से अधिवक्ता सुश्री स्मिता वर्मा अरोरा ने प्राईवेट स्कूलों की समस्याओं को माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया जिससे सहमत होते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने 7 मई 2025 तक 6 जनवरी 2023 के राजपत्र अधिसूचना को स्थगित रखा है। सभी प्राईवेट स्कूलों को उम्मीद हैं आशा है कि प्राईवेट स्कूलों को 7 मई को बड़ी राहत मिलेगी। प्राईवेट स्कूलों ने जबलपुर उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने नवीन रोलर स्केटिंग रिंक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया

मण्डला। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को इंडोर स्टेडियम परिसर मंडला में 10 लाख रूपए की लागत से नवीन रोलर स्केटिंग रिंक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री शिवा रानू राजपूत, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री सीके वर्मा, एसडीएम नैनपुर श्री अविनाश ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा चैटीचंड महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान झूलेलाल सांई जी का जन्म दिवस चैटीचंड महोत्सव के रूप में 30 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा, इसके लिए विधिवत रूप रेखा तैयार की गई है। आयोजन की श्रृंखला में 24 मार्च को श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का पाठ आरंभ किया गया है। जिसमें प्रतिदिन सुबह शाम आरती पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हो रहे हैं।

विशेष ड्रेस कोड के साथ महिलाओं की वाहन रैली आज

महोत्सव की उपलक्ष्य में आज 28 मार्च शुक्रवार को महिलाओं, बालिकाओं के लिए नगर में पहली बार वाहन रैली का आयोजन किया गया है। इसमें विशेष ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, रैली में दो पहिया और चार पहिया वाहनों को शामिल किया गया है। वाहन रैली अंबेडकर वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर से सुबह 10 बजे निकलकर भगवान झूलेलाल सांई के जयकारों के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए झूलेलाल मंदिर में विराम लेगी।

एक शाम सिंधीयत के नाम पर संगीत संध्या

आज 28 मार्च शुक्रवार को एक शाम सिंधीयत के नाम सिंधु संगीत संध्या का विशाल आयोजन किया गया हैयह आयोजन कीर्ति माता कैंपस सुभाष वार्ड में रात्रि 7.30 बजे से आयोजित होगा, इसमें बॉलीवुड सिंधी सिंगर अजय मुकेश एवं प्रियंका केशवानी अपनी सुरीली

आवाज से मधुर गीतों पर प्रस्तुति देंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे खास

मातृशक्ति संगठन के द्वारा 27 मार्च को वूमेन्स फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें प्रतिभागियों के लिए उम्र निर्धारित की गई,परफॉरमेन्स शालीनता पूर्ण के साथ-साथ विभिन्न स्टाइलिश प्रस्तुति भी शामिल रहीं। 29 मार्च को चित्रकला स्पर्धा में साईं झूलेलाल के चित्र में रंग भरना,मानव सेवा सच्ची सेवा,स्वच्छता प्रेरणा, चैटीचण्ड्र महोत्सव विषय पर आयोजित चित्रकला में प्रतिभागी अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे। नन्हे बाल कलाकारों के द्वारा सिंधी नर्सरी रायम्स कविता का आयोजन किया गया है।

श्री झूलेलाल मंदिर में विभिन्न आयोजन

अंबेडकर वार्ड स्थित श्री भगवानी बाई केवल राम श्री झूलेलाल मंदिर में 29 मार्च शनिवार को सुबह 10 बजे भगवान झूलेलाल साईं का अभिषेक किया जाएगा, इसके पश्चात सुक्को सेसा का वितरण किया जाएगा, 30 मार्च दोपहर को भगवान झूलेलाल साईं का विधिवत के पूजन अर्चन के पश्चात स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया जाएगा, शाम को बहिराणा साहिब के पूजन अर्चन के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी।

वाहन रैली और विशाल शोभायात्रा का होगा आयोजन

30 मार्च को सुबह 9 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होगी, जो कि मंडला शहर एवम् उपनगर महाराजपुर के मुख्य मार्गों से निकलेगी,वाहन रैली में भगवान झूलेलाल साईं के जयघोष करते हुए वृहत आयोजन होगा,वाहन रैली का जगह जगह स्वागत किया जाएगा,इसके पश्चात श्री गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का भोग का कार्यक्रम होगा,इसके उपरांत भजन कीर्तन का आयोजन रहेगा। तदोपरांत सामाजिक आम लंगर आयोजित होगा जिसमें सभी जन प्रसादी ग्रहण करेंगे,सायं काल में पूज्य मुखी साहब की मौजूदगी में पंडित वासुदेव शर्मा के द्वारा श्री बहिराणा साहिब जी की पूजा अर्चना संपादित होगी और विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें भगवान झूलेलाल जी, संत कंवर राम जी,श्री राम दरबार एवं महापुरुषों की आकर्षक झांकियां से सुसज्जित होकर बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मां नर्मदा के तट पर भगवान झूलेलाल की पल्लव पूजा के साथ संपन्न होगी।

नियुक्ति पत्र वितरण | **प्रदेश सरकार दुःखी परिवारों के साथ हर पल खड़ी है-मंत्री श्रीमती संपतिया उइके।**

मंत्री संपतिया उइके ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

*** स्मृति शिविर अनुकंपा नियुक्ति परिवार का संबल कार्यक्रम में हुये पत्र वितरित।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आज का दिन गौरव का दिन है, जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल कर आवेदकों को चिन्हित कर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इन दुःखी परिवारों के साथ हर पल खड़ी है। उनके परिवार में जो अपूर्णीय क्षति हुई है उसकी भरपाई करना असंभव है, लेकिन पीड़ित परिवार को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कर राहत प्रदान की जा रही है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके गुरूवार को जिला योजना भवन में स्मृति सुमन शिविर अनुकंपा नियुक्ति परिवार का संबल कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने दीप प्रज्वलित कर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 9 आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए जिसमें सुभाष कश्यप, सोनम कुमरे, हिमांशु, अर्जुन, गायत्री, अभिमांशु, सत्यम पांडे, विकास सिंह और शैली सिंह प्रमुख हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री शिवा रानू राजपूत, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री सीके वर्मा, एसडीएम नैनपुर श्री अविनाश ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि प्रदेश के हर व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध होता रहे। इसलिए प्रदेश के नागरिक, किसान, युवा, महिला, वृद्ध सहित समस्त हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। जिसका लाभ हर वर्ग के हितग्राही को मिल रहा है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने वाले आवेदक अपने-अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करें, बेहतर काम करें, कार्यों में पारदर्शिता रखें। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त आवेदकों को अपने-अपने शासकीय दायित्वों के साथ-साथ कम्प्यूटर की शिक्षा भी पूर्ण करने की सलाह दी। जिससे भविष्य में आवेदकों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त आवेदकों को कहा कि ग्राम पंचायतों के द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। ग्राम पंचायत हितग्राहियों को लाभान्वित करने की प्रथम इकाई है, इसलिए ग्राम पंचायतों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से करें और हितग्राहियों को लाभान्वित करें। किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सभी अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त आवेदकों को बधाई व शुभकामनाएं भी दी।

खबर संक्षेप

जान से मारने की दी गई धमकी

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये अशोकनगर जिले के अंतर्गत ग्राम सागर निवासी द्वारा एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं वर्तमान में मैं नीरज राय फर्म निवारी में काम करता हूँ और परिवार सहित वहीं पर रहता हूँ। बीते हुये जब मैं फर्म में काम खत्म करके बाहर रोड पर पहुचा तभी सुमित शुक्ला नाम का व्यक्ति आया और सामने से गंदी गंदी गालिया देते हुये कट्टा मारने की धमकी देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा उसे गालिया देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

जमीन की बात को लेकर पुत्र ने पिता के साथ की गई मारपीट

गाडरवारा। हर पिता को इस बात की उम्मीद रहती है कि वृद्व अवस्था में उसका पुत्र बुढावे का सहारा बनेगा। मगर धन व जमीन के लालच में जन्म देने वाले पिता के साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम टेकापार में देखने मिली जहां पर जमीन की बात को लेकर पुत्र ने पिता के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पीड़ित पिता द्वारा की गई अपनी शिकायत में बताया गया है कि मेरे दो लड़के है तथा मेरी कुल 5.5 एकड़ जमीन थी जिसमें से मैने दोनो बच्चो को 2-2 एकड़ जमीन पहले ही दे दी गई शेष बची हुई जमीन में मैं गन्ना की खेती करता हूँ। मगर बीते हुये दिवस जब वृद्व पिता अपने खेत में लगी हुई गन्ना फसल को देखने के लिये गया था। प्रार्थी का बड़ा लडका भानू कौरव पीछे से आया और कुल्हाड़ी के बेट से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी पुत्र के खिलाफ पुलिस ने मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

कांच के वाटल मारने से पहुंची चोट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के चांवडी वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह उसके साथी अंकित शर्मा व शिवम कुशवाहा के साथ गोल्डन सिटी कालोनी जा रहा था जैसे ही मै शिवम कुशवाहा के गोल्डन सिटी स्थित घर के सामने पहुँचा तभी ओम दुबे, साहिल व अंशुल घर के पास मिले जो बोले की रात मे क्यो घूम रहे हो और प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब शिकायत कर्ता द्वारा गाली देने से मना किया गया तो साहिल ने हाथ मे रखी कांच की बोतल फेक कर मारते हुये प्रार्थी को चोट पहुंचाई तथा उसके साथी ओम दुबे तथा अंशुल भी अंकित शर्मा के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाने पर पुलिस द्वारा प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

नगर में ध्रडल्ले से बिक रही स्थानीय स्तर पर निर्मित व डुप्लीकेट कोल ड्रिक्स

मिलावटी ठंडे पेय पदार्थों का शहर में निर्माण व बिक्री के चलते बच्चों के साथ आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। आधुनिकता की लहर के चलते ठंड के मौसम में भी अब शादी सामारोह में आईस्क्रीम नजर आने लगी है और आमतौर पर बारिश, ठंड के मौसम में भी नगर में अनेक प्रकार के ठंडे पेय पदार्थ दुकानों की फ्रीजरों में रखे देखे जा रहे है, जिसके चलते इस सामान की बिक्री हो रही है.. इतना ही नही कुछ दुकानों पर तो स्थिति इस प्रकार से देखी जाती है कि नामी गिरामी कंपनियों की सूरत में बिकने वाली गुणवत्ता हीन पेय पदार्थ सस्ता होने के चलते बच्चों को मोहित करने से नही चूकते है? वही दूसरी ओर मिल रही अनुसार बीते हुये फरवरी माह से ही नगर में जहां एक ओर रंगीन कुल्फियां तैयार करने वाली फैक्ट्रियॉ सजकर कर तैयारी होकर कुल्पी सहित अन्य प्रकार की सामग्री का विक्रय होने की शुरूआत हो चुकी थी। वही दूसरी ओर नगर के चौक चौरहों पर भी बाहर से आये हुए लोगों के अनेक प्रकार के शेक आईस्क्रीमों के ठेले भी दिखाई देने लगे है जिन्हें बच्चों द्वारा खाने से उनके स्वास्थ्य पर विपरित असर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस समय मौसम के हाल इस तरह देखे जा रहे है कि जहां दिन के समय तेज तपन व शाम होते ही ठंड का अहसास दिलाने से नही चूक रहा है। वही दूसरी नगर में मिलावटी ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री के चलते जहां बच्चे इसकी चपेट में आने के कारण बीमार होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि समय देखा जा रहा है कि अचानक बादल में बदली छाने के लिये ठंडक का अहसास होने लगता है तो दूसरी ओर दिन के समय तेज

तपन के चलते लोग बेहाल होने से नही चूकते है। मगर इस प्रकार से मौसम के मिजाज के चलते बच्चें अपने आप ही अनेक प्रकार की बीमारियों की गिरफ्त में आते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर मौसम के विपरीत होने के बाद भी बिक पेय पदार्थो के चलते बीमारियों में इजाफा होने की संभावनाओं से इंकार नही किया जा सकता है? यह बात अलग है कि भले की अनेक स्कूलों में वोर्ड परीक्षाओं के साथ साथ स्थानीय स्तर के परीक्षा भी लगभग समाप्त हो चुकी है। मगर शिक्षण संस्थाये अभी भी जारी है। वही दूसरी ओर आने वाले एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू होने के चलते बच्चें अभी से पुस्तक दुकानों पर खरीददारी करते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। मगर बाजार में मिलावटी ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ने की संभावना में इजाफा होने से नही चूक पा रहा है तथा नगर के अभिभावकों का कहना है कि इस मौसम में वैसे भी बच्चें जहां अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ता है। वही दूसरी ओर नगर की साफ सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी होने के कारण मच्छरों की बढ रही फौज के चलते वह अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है और न ही लोग रात के समय सो पा रहे है। इस हालत में जिस तरह अचानक कुल्फियां बनाने वाले ठिकानों पर काम काज बढ़ा तो आशंका है कि शहर और क्षेत्र के गांवो में बच्चों को ललचाने वाली रंगीन कुल्फियां की बिक्री शुरू हो चुकी है। वही शहर में जगह जगह ठंडे पेय पदार्थो के लगे ठेले भी बच्चो को आकर्षित करते हुए देखे जा रहे है। इस प्रकार से नगर में विकने वाली अमानक स्तर की कुल्फियों को लेकर अभिभावकों का कहना है कि इस तरह अमानक स्तर के ठंडे पेय पदार्थो को सेवन करने का ही परिणाम है कि चिकित्सालयों मरीजों की लम्ब लाईने लगते हुय देखी जा रही है। वही दूसरी ओर मरीजों की संख्या में मासूब बच्चे अधिक दिखाई देने से नही चूक रहे है? कुछ इसी तरह कुछ साल पहले अमानक स्तर से बनाई गई कुल्फी खाने से जिले कि अतर्गत कुछ बच्चों के बीमार होने का उदाहरण देते हुए बताया कि यह कुल्फियों सस्ती बिकती हैं पर उनमें सेकरीन का मिश्रण रहता है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति जहां तहां बिकने वाले काजू शेको में भी देखी जा रही है। इस स्थिति में इनके सेवन से बच्चों के बीमार पड़नें की अधिक सम्भावना रहती है? इस संबंध में नगर के कुछ चिकित्सकों का कहना है कि इस समय लगातार बदल रहे मौसम में इन कुल्फियों की बिक्री इन दिनों बच्चो के हित में ठीक नही है। वही दूसरी ओर शहर के जागरूक अभिभावकों का कहना है कि शासन प्रशासन को शहर में विभिन्न प्रकार के शेक व रंगीन कुल्फियो सहित नामी कंपनियों की सूरत में जहां तहां बिकने वाले ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री को प्रतिबंधित करने की पहल करे ताकि बच्चे स्वस्थ रहते हुए एक अप्रैल से शुरू हो रहे नये शिक्षा सत्र को सफल बना सके। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो अनेक दुकानों में जिस प्रकार से नामी गिरामी कंपनियों से मिलते जुलते नाम वाली या फिर उसी कंपनी के नाम पर डुप्लीकेट कोल ड्रिक्स की भी नगर में भरमार दिखाई देने से नही चूक पा रही है। बीते हुये साल नगर में एक कंपनी के डिस्ट्रीव्यूटर के द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायती आवेदन देते हुये बताया है कि नगर में कुछ दुकानदारों द्वारा बाजार में लोकल बनी ड्रिक्स का विक्रय कर रहे है जो कि बिना बिल की होती है। इस प्रकार से नगर में निर्मित होने वाली इन कोल ड्रिक्स को निर्मित करने के लिये जहां शासन द्वारा निर्धारित माप दंडों का पालन नही किया जा रहा है। वही दूसरी ओर आमजन के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डालने से नही चूक रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस ओर न तो संबंधित विभाग ध्यान दे रहा है और न ही स्थानीय स्तर के जिम्मेदार अधिकारी जिसका परिणाम है कि ठंडा पेय पदार्थ विक्रय करने वालों के हौसले बुलंद होने से नही चूक रहे है। इस तरह नगर में मिलावटी ठंडे पेय पदार्थो का निर्माण होने से लेकर उनके विक्रय की सच्चाई को हरिभूमि द्वारा कुछ दिवस पहले प्रमुखता से उजागर किये जानेके बाद भी संबंधित विभाग द्वारा आज तक इस ओर ध्यान न देना चिंता का विषय बनने से नही चूक पा रहा है।

घघरौला कला में जल सप्लाई की बिजली लाईन कटने से पीने के पानी को लेकर ग्रामवासी हो रहे परेशान

हेण्ड पंपों की स्थिति दिखाई दे रही वेंटीलेटर पर

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गर्मी के दिनों में पीने का पानी उपलब्ध कराने की बात आये दिन मंचों से कहते हुये सुने जा रहे है। वही दूसरी ओर जिला कलेक्टर द्वारा भी संपूर्ण जिले में इस बात को लेकर अलग अलग लोगों को नियुक्त करते हुये इस बात का आदेश जारी किया गया है कि वह इस बात का ध्यान रखे की किसी भी गांव में पीने के पानी से लोगों को परेशान न होना पड़ा। मगर मैदान स्तर पर देखा जावे तो प्रदेश के मुखिया से लेकर जिला अधिकारी के आदेश मात्र कागजों तक सीमित होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है और गर्मी शुरू होते ही गांवों में लोग पीने के पानी को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे है। इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घघरौला कला में देखी जा रही है। कहने के लिये तो यहां पर जल सप्लाई योजना के नाम पर नलकूप का खनन होने के साथ लोगों के घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। मगर नलकूप खनन के दौरान बरती गई कोताही का परिणाम है कि वह गर्मी आने के पहले ही अपनी सांसे तोड़ते हुये दिखाई देने से नही चूकता है। इस स्थिति में जब भी नलकूप के माध्यम से जल सप्लाई शुरू की जाती है तो मात्र चंद मिनिट के अंदर नलकूप हवा उगलते हुये दिखाई देने के चलते लोगों के घरों तक पानी ही नही पहुंच पाता है। वही दूसरी विद्युत बिल बकाया होने की स्थिति में ग्राम घघरौला कला में विद्युत विभाग द्वारा बिजली लाईन कांटे जाने के कारण इस समय नलकूप मात्र शोभा की सुपारी बन कर रहे गया है और ग्रामवासी पीने के पानी को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे है। इस स्थिति में लोगों वर्षो पुराने हेण्ड पंपों के माध्यम से पानी की व्यवस्था में जुटे हुये देखे जा रहे है। मगर उन हेण्ड पंपों की स्थिति बेन्टीनेटर पर होने के चलते वह भी ग्रामवासियों की प्यासे बुझाने में असफल दिखाई दे रहे है। क्योंकि अनेक हेण्ड पंपों का हाल इस तरह बना हुआ है कि व पशु बांधने के काम हा रहे है तो कुछ बिगड़ होने के चलते पानी नही दे पा रही है। कुछ इसी प्रकार से कुछ दिवस पहले ग्राम घघरौला के बस स्टेन्ड के पास लगे हुये हेण्ड पंप को पीएचई विभाग के अधिकारियों से सुधार की मांग की गई थी। जिसके चलते संबंधित विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सुधारने की औपचारिकता तो निभाई गई थी और मृत स्थिति में पहुंच चुके हुये इस हेण्ड पंप में जान डालते हुये उसकी सांसे तो लौटा दी गई है। मगर नल के अंदर फूटी हुई नलियों का हाल यह बना हुआ है कि वह एक मुहल्ला के लोगों के लिये भी पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने में असमर्थ दिखाई देने से नही चूक रहे है। क्योंकि नलियों के फूटे होने के चलते पानी उतर जाता है और पानी निकालने के लिये काफी समय तक महिलाओं को खाली ही चलाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि ग्राम घघरौला कला में नलजल योजना के तहत लगभग पांच साल पहले शासन द्वारा उच्च स्तर की क्षमता वाली पानी टंकी स्वीकृत की गई थी जिसको लेकर बताया जा रहा था कि लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने वाली योजना में यह टंकी भी शामिल है। मगर इस कार्य को पूर्ण करने वाले ठेकेदार द्वारा लोगों के घरों तक पाईप लाईन बिछाते हुये सीधे नलकूप से जोड़ते हुये

पानी पहुंचाने की काम चलाऊ व्यवस्था बनाते हुये अपने कार्य को इतिश्री कर लिया गया है। इस संबंध में दो वर्ष पहले यानि की 19 मई 2023 को कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी नरसिंहपुर के नाम पत्र खिलते हुये उन्हें मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2 के अंतर्गत टंकी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की गई थी। पंचायत द्वारा अधिकारियों को दिये गये पत्र में उल्लेख किया गया था कि ग्राम पंचायत घघरौला कला में पानी टंकी दो साल पहले स्वीकृत है। लेकिन आज दिन तक निर्माण कार्य चालू नही हो पाया है। लोक स्वास्थ्य विभाग उप खंड करेली एवं ठेकेदार को पंचायत के द्वारा शासकीय स्थल का चयन कर बताा दिया गया है। इस तरह पंचायत द्वारा दिये गये पत्र के दो साले पहले यानि की वर्ष 2021 से पानी टंकी की स्वीकृति होने के बाद भी आज तक पानी टंकी का निर्माण न होना निश्चित तौर से जहां इस नलजल योजना के निर्माण कार्य को अंजाम देने वाले ठेकेदार व पीएचई विभाग के अधिकारियों की मनमानी का परिणाम है कि ग्रामवासियों को पीने के पानी की परेशानी से जूझने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में जब पंचायत के प्रतिनिधियों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि संबंधित ठेकेदार को ठंकी निर्माण के लिये अनेको शीर्घ ही टंकी बनाने की बात कही जा चुकी है। वही ठेकेदार की मनमानी को लेकर मुख्यमंत्री हेल्प लाईन पर भी शिकायत किये जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा टंकी का निर्माण नही कर रहा है? इस सच्चाई को लेकर यह बात उजागर होने से नही चूक रही है कि पीएचई विभाग की मिलीभगत से जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोगों के घर घर पानी पहुंचाने के सपने को धूमिल करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है..? वही दूसरी ओर गर्मी की शुरूआत होते ही ग्राम घघरौला कला के लोग पीने के पानी को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे है। ग्राम में बैन्टीनेटर की स्थिति पर पहुंचे हुये हेण्ड पंपों के भरोसे अपनी प्यासे बुझाने के लिये मजबूर हो चुकी ग्रामीण महिलाओं की स्थिति इस तरह बनी है कि हेण्ड पंप पर पानी भरने के लिये भीड़ होने के चलते बडी मुश्किलों के बीच एक एक मटका पानी मिल पाना मुश्किल होते हुये देखा जा रहा है। ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र के विधायक सहित संबंधिक विभाग के अधिकारियों के साथ साथ जिला कलेक्टर से ग्राम घघरौला कला में चल रही पीने के पानी की समस्या को हल कराये जाने की मांग की गई है।

शहर की सरकारी भूमि लगातार चढ़ रही अतिक्रमण की भेंट जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य शैली पर खड़े हो रहे सवाल..?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। यह बात अलग है कि जब उच्च स्तर हो या फिर किसी प्रभावशाली व्यक्ति की कालोनी व किसी प्रतिष्ठान के लिये कोई निर्माण कार्य की शुरूआत हो रही होती है तो राजस्व विभाग के अधिकारी गरीबों के पट्टी को भी निरस्त कराते हुये प्रभावशाली लोगों को उनकी मर्जी के मुताबिक जगह उपलब्ध कराने में पीछे नही रहते है..? मगर सही मायने में देखा जावे तो जिस तरह सरकारी भूमि पर कब्जा होते हुये देखा जा रहा है उसमें संबंधित विभाग की मिली भगत के बगैर संभव नही माना जाता सकता है..? नगर के अंदर शासकीय भूमि का हाल इस तरह बना हुआ देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये उस भूमि को राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से विक्रय करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है तो दूसरी ओर कुछ पहुंच वाले लोग इस तरह से भी देखे जा सकता है जिनकी पहुंच किसी बडे नेता या फिर मंत्री से होने के चलते वह शासकीय भूमि पर अपने ठेले जमाते हुये उन्हे गरीबों को किराये से प्रदान करते हुये हर माह हजारों रूपया की राशि अपनी जेबों में भरने में पीछे दिखाई नही दे रहे है..? यह सच्चाई नगर में अनेक जगहों पर देखने मिल सकती है जहां पर पहुंच वाले लोगों द्वारा शासकीय भूमियों पर अपना साम्राज्य स्थापित करते हुये रखे हुये ठेलों को किराय से चलाने में पीछे नही है..तो दूसरी ओर गुपचुप तरीके से उसका विक्रय करने में भी कोई कसर नही छोड़ रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये मंगलवार को उस समय देखने मिली जब अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किये जा रहे जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करते हुये उसे विक्रय करने की जुगाड़ से संबंधित शिकायती पत्र एसडीएम के नाम से सौपा गया। बताया जाता है कि नितिन जायसवाल द्वारा जन सुनवाई के दौरान दिये गये अपनी शिकायत में बताया गया है कि नगर के रेल्वे स्टेशन के पास चीचली तिराहे शासकीय नलकूप के समीप महाराणा प्रताप वार्ड की शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करते हुये विक्रय किये जाने की जुगाड़ जमाई जा रही है? इस तरह शासकीय भूमि पर किये गये कब्जे के चलते यहां पर आसाजिक तत्वों का जमाड़ा लगा रहता है। जबकि इस स्थल की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां सोमवार को यहां पर साप्ताहिक सब्जी बाजार लगने के चलते शहर सहित बाहर गांवो के लोग जिसमें मुख्य रूप से महिलाये सब्जी खरीदने के लिये पहुंचती है तो दूसरी ओर यही पर बच्चों का स्कूल होने के कारण छात्र छात्राये पढ़ाई करने के लिये आते है। जबकि इस स्थल से प्रतिदिन राजस्व विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों का आना जाना बना रहता है। मगर इसके बाद भी इस तरह यहां की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से किये गये कब्जों को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पा रहे है। इस तरह का हाल नगर के चीचली मार्ग रेल्वे फाटक के पास का भी देखने मिल रहा है जहां पर निर्माणाधीन ओबर ब्रिज के नीचे लगातार अवैध रूप से लोगों द्वारा अपने टपरे स्थापित करते हुये कब्जा जमाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। यहां पर हुये अतिक्रमण के चलते देखा जाता है कि देर रात के आवारा गर्दी होने के चलते यह आसामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुहा है। जहां पर शराब खोरी से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो का दोर देर रात के चलने के कारण शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है।

नगर में पुराने पेड़ों सहित पानी टंकी क्षेत्र में शाम होते ही खुलेआम छलकते हुये दिखाई देते है शराब के जाम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय नगर में जिस प्रकार से जहां नगर के अंदर रहवासी इलाकों में शराब दुकानों का जो संचालन हो रहा है उसके चलते जहां संपूर्ण नगर में आये दिन शराब खोरी करने वालों का आंतक तो मचा ही रहता है। वही इन दुकानों के आसपास संचालित हो रहे मांस व अंडे की दुकानों के चलने के कारण नगर का वातावरण पूर्णरूप से प्रदूषित हो चुका है, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शहर में युवाओं व किशोरों में लगातार शराब पीने का शौक कितना अधिक बढ़ता जा रहा है। इसकी मिशाल रात के समय नगर के अंदर संचालित हो रही शराब दुकानों पर जुटने वाली भीड़ को देखने से ही मिल रही है। लेकर नगर में लायसेंस शुदा बीयरवारों के न होने की स्थिति में युवा महंगी शराब खरीदने के बाद भी जाम छलकाने के लिए ठंड के माहौल में भटकते हुए जगह की तलाश करते हुए नजर आ रहे है और कभी कभार तो यह लोग ऐसे स्थानों पर खुलेआम शराब पीने लगते है जिनके आसपास रहवासी लोगों के मकान बने

होते है तथा राहगीरों व वाहनों की लगातार आवाजाही होती रहती है। इस प्रकार से नगर में देखा जावे तो जहां तहां शराबियों द्वारा जमाये जाने वाले अड्डो के चलते आम लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर शराब पीने के शौकीन युवाओं ने रात में अब सड़कों के किनारों पर सीना ताने खड़े हुए बडे आकार के उन पेड़ो का सहारा लेना शुरू कर दिया गया है जिनकी कटाई, छटाई वर्षो से न होने से उनके इर्द गिर्द रात में अंधेरा व्याप्त रहता है। बताया जाता है कि इन वृक्षों की ओट में बैठे हुए शराब के शौकीन युवा जरूरत पड़ने पर मोबाईल की रोशनी में शराब पीकर शोर मचाते हुए देखे जाते है जिसके चलते आसपास निवास करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर की पानी टंकी क्षेत्र में भी देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि शाम होते ही नगर की पानी टंकी यानि की कामथ काम्पलेक्स के पीछे वाले हिस्से में शाम से लेकर देर रात तक खुलेआम जाम से जाम टकराने का दौर चलने के कारण इस मार्ग से आमजन का निकलना दुभर होने लगा है। इस प्रकार से देखा जावे तो पुलिस की उदासीनता के चलते नगर में जहां तहां हो रही शराबखोरी के चलते नगर की शांति प्रिय माने जाने वाली मर्यादा लगातार तार तार होने की हालत में आती जा रही है, वही दूसरी ओर नगर के अंदर संचालित हो रही शराब दुकानों के आसपास बीक रहे मांसाहारी सामग्री के चलते वहां पर स्थित मंदिरों में पूजन करने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करते हुए देखा जा रहा है।

घर में बेटी का जन्म होना बड़े ही सौभाग्य की बात होती है, क्योंकि बेटियां दो कुलों की उद्धारक होती है -केशव गिरी महाराज

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। दादा धूनी वाले की लीलास्थली साईंखेड़ा में चल रहे 21 दिवसीय धार्मिक आयोजन के चलते संपूर्ण क्षेत्र में धर्म की गंगा बहते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर इस आयोजन में पधारे हुये दादा धुनी वालो के कृपा पात्र आजीवन परिक्रमा वासी पूज्य संत शिवानन्द महाराज के द्वारा 21 दिवसीय अनुष्ठान में श्री राम दरबार मंदिर मकरोनिया सागर के महंत एवं ब्रह्मलीन ग्रस्त संत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा महाराज की कृपा पात्र गृहस्थ संत केशव गिरी महाराज के मुखारबिंद से श्री शिव महापुराण के अष्टम दिवस पर भारी जन सैलाब उमड़ते हुये देखने मिला। वही कथा के उपरांत सायं कालीन बेला में पूज्य संत शिवानंद जी महाराज के द्वारा दादा श्री दादा धूनीवाले का विशेष श्रृंगार व गाजे बाजे के साथ करते हुये मनमोहक महाआरती की गई। यह महाआरती में प्रतिदिन सायं 7:30 बजे प्रारंभ होती है। वही आरती उपरांत महाराज जी के कर कमलों से अखंड धुनी माई में नाना प्रकार की कई कुंटल औषधि युक्त हवन सामग्री से हवन प्रारंभ हुआ प्रतिदिन हवन में आम, पपीता, अनार, केला, सेव, तरबूज, गन्ना, गाय का शुद्ध घृत, शक्कर, नारियल, लौंग, इलायची, कपूर, इत्यादि अनेका अनेक औषधि युक्त हवन सामग्री से कई कुंटल, कई सौ किलो हवन सामग्री धुनी माई में समर्पित की जा रही है। वही शिव महा पुराण कथा के आठवें दिन कथा वाचक केशव गिरी जी महाराज ने कहा वर्तमान में अपने बच्चों को सनातन धर्म से जोड़ना है जरूरी हो गया है। क्योंकि वह इस भौतिकवादी समय में सनातन को भूलते चले जा रहे है। वही महाराज ने कहा आज मां बाप को बेटियों को कुछ दे पाए या ना दे पाए पर अच्छे संस्कार जरूर देना चाहिए। किसी के घर में बेटी का जन्म होना बडे ही सौभाग्य की बात होती है। क्योंकि बेटिया दो परिवारो का मान और सम्मान होती है। बेटियां दो कुलो की उद्धारक होतो है। महराज ने कथा सुनाते हुये कहा कि समाज में जब पुरुष विद्याध्यन करता है तो सिर्फ पुरुष पढ़ता है। लेकिन जिस परिवार में बेटियां पड़ती(शिक्षित) होती हैं वह पूरा परिवार ही शिक्षित हो जाता हैं। इस दौरान उन्होनें बडे ही मार्मिक तरीके से भगवान शिव विवाह की कथा सुनाते हुये कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए है। परंतु शिव ने विवाह भी कर संसार को गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग धर्म का अनुशरण करने का तरीका दिया। कथा वाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान के वाहक नन्दी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूसक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। शिव के गले में सर्प रहते हैं जो सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना ही शिव पुराण सिखाता है। भगवान के विवाह के वर्णन में मैनादेवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप मे मां पार्वती का जन्म लिया। प्रारम्भिक काल मे शिव की तपस्या करना, उसी दौरान तारका सुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव का विवाह अवश्य। क्योंकि शिवपुत्र से ही तारकासुर का अंत हो सकता था। ऐसा वरदान भगवान से प्राप्त किया था तारकासुर ने। तब जाकर शिव पार्वती का विवाह हुआ। इसी क्रम में *हम जाने रे कछु नोने से हुईये। राजा हिमाचल के दामाद भानेजू के भजन पर जमकर थिरके के मौजूद भक्तगण।

खबर संक्षेप

उपचार के लिए 45 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की मंजूरी

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वार्ड नं. 10 बिजुरी निवासी रविन्द्र कुमार ओझा पिता लक्ष्मण ओझा को उपचार हेतु मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 45 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि आज करेंगे वितरण

अनूपपुर। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता राशि का हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम 28 मार्च 2025 को अपरान्ह 3 बजे से मुख्यमंत्री कार्यालय से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में किया जाएगा। हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में होगा। उक्ताशय की जानकारी श्रम पदाधिकारी अनूपपुर ने देते हुए बताया है कि कार्यक्रम में जिला अंतर्गत संबल योजना के 260 हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का भुगतान मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों के खातों में डी.बी.टी. के माध्यम से किया जाएगा।

इलाज का हवाला देकर अनशनकारियों को जबरन ले गये अस्पताल

कोतमा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली अव्यवस्था एवं डॉक्टरों कि कमी को लेकर पूर्व भाजपा पार्षद देवशरण एवं दीपक पटेल अधिवक्ता को प्रशासन के द्वारा 27 मार्च को इलाज की जरूरत का हवाला देते हुए जबरन उठाकर जिला अस्पताल ले जाया गया। मौके पर उपस्थित एसडीम ने बताया कि बिना अनुमति अनशन चल रहा था वही सीएमएचओ आरके वर्मा ने बताया कि 4 दिनों से भूखे प्यासे होने के कारण स्वास्थ्य में गिरावट के बाद उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। ज्ञात हो कि अनशनकारी 24 मार्च से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने आमरण अनशन पर बैठे थे। गुरुवार को राजस्व, स्वास्थ्य एवं पुलिस अधिकारियों के समक्ष चर्चा की गई। जिसके बाद दोनों के पास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की चिंता का हवाला देते हुए जबरन उठाकर ले गए। बलपूर्वक की गई कार्यवाही को लेकर नगर में प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। सीएमएचओ डॉ आर के वर्मा ने बताया कि सप्ताह में 2 दिनों के लिए महिला एवं शिशु रोग विशेषज्ञों कोतमा में बैठेंगे।

4 वर्षों से लीज का पैसा न पटाने के कारण भारत पेट्रोल पंप सीज

राजेन्द्रग्राम। राजेंद्रग्राम मुख्यालय में संचालित भारत पेट्रोलियम लिमिटेड कंपनी का पेट्रोल पंप जो ग्राम पंचायत किरगी के खसरा नंबर 46/2 शासकीय भूमि पर लीज में संचालित है लेकिन पिछले 4 वर्षों से लीज की रकम न जमा करने के कारण कुल राशि 118150 रूपए की राजस्व शुल्क शेष है। यह पेट्रोल पंप सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का बताया जा रहा है जिसके मैनेजर केदार गुप्ता को तहसीलदार द्वारा एक सप्ताह पहले पैसा जमा करने के लिए नोटिस दी गई थी उसके बाद कल 26 मार्च को पुष्पराजगढ़ तहसीलदार गौरी शंकर शर्मा द्वारा मौके पर जाकर पैसा जमा करने के लिए 24 घंटे की अतिरिक्त मोहलत दी गई इसके बाद भी लीज का शुल्क न जमा होने के कारण तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा मध्य प्रदेश शासन के खाते में पैसा जमा होने तक के लिए पेट्रोल पंप को सीज कर दिया गया।

समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया

मां कर्मा बाई जयंती साहू समाज ने धूमधाम से मनाया

डिण्डौरी।

भक्त शिरोमणी मां कर्मा बाई की जयंति को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के सामाजिक बंधुओ के द्वारा बडी धूम-धाम से मनाया जाता है जिसकी योजना एक सप्ताह पहले से बनाई जाती है। कार्यक्रम को सफल व सुनियोजित तरीके से मनाने को लेकर जनपद सदस्य व कार्यक्रम संयोजक टेकेश्वर साहू बडी निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए ग्राम करौंदी,बांकी, बरगांव, कंचनपुर, बिलगांव, ढोंढा, अमठेरा व शहपुरा के समाजिक बंधु व मात्र शक्तियों से मिल जुलकर कार्यक्रम स्थल ग्राम बरगांव तय किए । मां कर्मा देवी के झांकी प्रत्येक ग्राम से गाजे वाजे के साथ कार्यक्रम स्थल ग्राम पहुंची जहां पर स्वागत किया गया 1 इस कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय सेना के जबाज सेवानिवृत्त कर्नल के.एल.साहू, मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उपयंत्री टी.आर.साहू , अति विशिष्ट अतिथि आंधवक्ता संघ शहपुरा के अध्यक्ष आंधवक्ता दयाराम साहू, विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान संघ डिंडोरी के जिलाध्यक्ष बिहारीलाल साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक धनीराम साहू, शिक्षक अजय साहू, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बद्री साहू, सुदामा साहू के मार्गदर्शन में मां कर्मा देवी के तैलिय चित्र में पुष्पगुच्छ अर्पण व आरती करके की गई। इस बीच गांव-गांव से आए होन हार बालिकाओ ने संगीतमय कार्यक्रम से इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट झांकी में प्रथम पुरस्कार ग्राम करौंदी को दिया गया, वही समाज के 10 वीं 12 वीं में सर्वाधिक अंक लाने वाले सामाजिक छात्र छात्राओं का चयन कर सम्मानित किया गया। सम्मान के इसी कडी में समाज में उत्कृष्ट व कुछ विशेष कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया जैसे जैविक खेती करने व किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देने का अमूल्य कार्य करने वाले बिहारीलाल साहू, मां नमंदा पारंक्रमा वासियों के सेवा कार्य के लिए उत्कृष्ट काशी धर्म शाला के सदस्यों का सम्मान, नवाचार रोबोट तकनीक में शिवम साहू एवं अन्य को सम्मानित किए। इस कार्यक्रम के मंच संचालक का कार्य शिक्षक अश्वनी साहू व शिक्षक मूलचंद साहू ने शानदार तरीके से शेरों शायरी के साथ किए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथियों ने समाज के विकास व गुणात्मक कार्य के लिए बारी- बारी से उद्बोधन दिऐं । इसी कड़ी में समाज को राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारी व पार्टी के द्वारा अपमानित करने व केवल वोट बैंक की राजनीति करने पर साहू समाज न खुश नजर आया और आगामी चुनाव में इसके दुष्परिणाम भी देखने को मिलने की चेतावनी दी । इस सफल कार्यक्रम में विजय साहू, राधेश्याम साहू, नेकलाल साहू, एडवोकेट निर्मल साहू सहित समस्त सामाजिक लोगों का विशेष योगदान रहा है ।

ग्राम पंचायत के नोटिस देने के एक वर्ष बाद भी नहीं हटाया गया शासकीय भवनों से अवैध कब्जा

अवैध कब्जा नहीं हटाने को लेकर ग्राम पंचायत ने जारी किया अंतिम नोटिस

डिण्डौरी

जिले के ब्लाक मुख्यालय अमरपुर शासकीय भवनों में अवैध कब्जा हटाने के लिए ग्राम पंचायत अमरपुर सरपंच सचिव के व्दारा अवैध कब्जा धारियों को अंतिम नोटिस थमा कर चेतावनी देते हुए दिनांक 24/03/2025 से 30/03/2025 तक शासकीय भवनों पर किये अवैध कब्जा छोड़कर अवैध कब्जा हटाने का समय दिया गया हैं , जैसे - ग्राम पंचायत अमरपुर निवासी खेमराज कछवहा पिता बालाराम कछवहा , संजय सिगौर पिता रामनाथ सिगौर , राजेन्द्र वर्मन पिता समारू लाल वर्मन , दिलीप कुमार रघुवंशी पिता सेवा राम रघुवंशी को शासकीय भवनों से अवैध कब्जा हटाने को लेकर ग्राम पंचायत के व्दारा लगातार नोटिस जारी किया जा रहा हैं, लेकिन ग्राम पंचायत के आदेशो का अवहेलना किया जा रहा हैं,

नियम निर्देशो का अवहेलना करने पर स्वयं की जिम्मेदारी होगी कार्यालय ग्राम पंचायत के प्रस्ताव क्रमांक 03 दिनांक 06/03/2025 एवं पत्र क्रमांक 56 दिनांक 30/08/2024 इसी प्रकार से पत्र क्रमांक 69 दिनांक 18/12/2024 को प्रस्ताव क्रमांक 30 दिनांक 21/08/2024 से ग्राम पंचायत अमरपुर के व्दारा शासकीय भवनों में अवैध कब्जा धारियों को समय-समय पर अनेक बार अवैध कब्जा छोड़ने का नोटिस जारी किया गया लेकिन दिनांक 24 03/2025 तक ग्राम पंचायत के आदेशो का परिपालन नहीं किया जा रहा हैं , लगातार शासन के नियम निर्देशो का अवहेलना किया जा रहा हैं , इसी प्रकार से ग्राम पंचायत पत्र के माध्यम से अंतिम सूचना दिया गया हैं, दिनांक 24/03/2025 से 30/03/2025 तक शासकीय भवनों की अवैध कब्जा छोड़कर ग्राम पंचायत को सूचित करें अन्यथा कब्जा हटाने में जो भी खर्चा एवं हानि होगी वह आप स्वयं की जबावदारी होगी जिसकी प्रतिलिपि जिला दण्ड अधिकारी डिण्डौरी, अनुविभागीय अधिकारी डिण्डौरी, नायाब तहसीलदार अमरपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर, चौकी प्रभारी अमरपुर आदि अधिकारियों को दिए गए हैं ।

ग्राम पंचायत लाखो में आयोजित की गई बैठक

डिण्डौरी। 26 मार्च 2025 को ग्राम लाखों में चौथे बुधवार बैठक आयोजित की गई जिसमें जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक गणेश राजपूत आराध्या समाज सेवा संस्थान से अध्यक्ष राजीव बर्मन प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सतीश धुर्वे एवं संस्था के सभी सदस्य उपस्थित हुए जिसमें ग्राम के विकास कार्यों की चर्चा की गई।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित गतिविधियों के संबंध में बैठक संपन्न

डिण्डौरी

कलेक्टर मारव्या ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनबाडी केन्द्रों में संचालित गतिविधियों के संबंध बैठक ली। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम बजाग वैधनाथ वासनिक, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम सिंगौर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने 1 अप्रैल से जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार में विविधता लाने के लिए नया मेनू लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि नया मेनू स्थानीय उपलब्धता के आधार पर नाश्ता और भोजन, पौष्टिकता एवं संतुलित आहार पर विशेष ध्यान, 15-20 ग्राम प्रोटीन एवं 500 कैलोरी प्रतिदिन सुनिश्चित कर तैयार किया गया है। साप्ताहिक आहार तालिका में नाश्ता सुबह 9.30 से 10.30 एवं दोपहर भोजन 12.30 से 1.30 दिया जाना निर्धारित किया गया है। बच्चों के पोषण को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों से अपील करने कहा गया है, जिससे आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले भोजन को प्रोत्साहित करें और बच्चों को नियमित रूप से भेजें। कलेक्टर ने कहा कि सभी परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर सुपरवाईजर अपने मुख्यालयों में रहना सुनिश्चित करें। साथ ही आंगनबाडी केंद्रों का निरंतर भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों के कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कर उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाएं। आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चो को नियमित रूप से पोषण आहार, दूध एवं थर्ड मील का वितरण करें। उनका नियमित रूप से फॉलोअप करें। आंगनबाडी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों में शासन द्वारा संचालित गतिविधियां नियमित रूप से समय-सीमा में पूरा करें। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी संचालित नाश्ते एवं भोजन के फोटोग्राफ्स पोषण ट्रेकर एप्प में नियमित रूप से अपलोड एवं मॉनीटरिंग करना सुनिश्चित करेंगे।

"जल गंगा संवर्धन अभियान" की तैयारियों के संबंध में बैठक

डिण्डौरी। कलेक्टर ने बताया कि 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक "जल गंगा संवर्धन अभियान" चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाएगा। कलेक्टर मारव्या ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में "जल गंगा संवर्धन अभियान" की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में डीएफओ पुनीता सोनकर, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग वैधनाथ वास्निक, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत समेकित शासकीय पहल के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, विद्यानिकी विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन व सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनसंपर्क विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग और जन अभियान परिषद सहभागी विभाग होंगे जो अभियान के विभिन्न कार्यों का क्रियान्वयन करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण के लिए छोटी-छोटी योजनाएं बनाकर कार्य कराया जाए। आगामी बारिश के पूर्व प्रदेश के सभी पुराने बांधों एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। इसके लिए गत वर्ष में जिन-जिन तालाबोंध जल स्त्रोतों में क्षति हुई उनकी सूची बनाई जाए तथा उन जल स्त्रोतों का विशेष ध्यान रखा जाए। बांधों की सुरक्षा के लिए हर संभव उपाय किए जाए। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के इस कार्य में समाज के सभी वर्गों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, धर्म गुरूओं, मीडिया आदि का पूरा सहयोग लिया जाए। जिला प्रशासन द्वारा "जल गंगा संवर्धन अभियान" का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देना और नदी एवं जल स्त्रोतों की रक्षा करना है। यह अभियान जिलेभर में जलवायु परिवर्तन और जल संकट के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का एक अहम कदम होगा। कलेक्टर ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न जल संकट के प्रभावों के बारे में समुदाय को जागरूक करना है। इसके अंतर्गत जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों और जल संरक्षण के महत्व पर स्थानीय विद्यालयों, ग्राम पंचायतों और नागरिकों के बीच व्याख्यान और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले की प्रमुख नदियों और जल स्त्रोतों की सफाई की जाएगी। इसके अंतर्गत स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी जोड़ा जाएगा, ताकि वे इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लें। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल बचाने के उपायों पर कार्यशालाएं और सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पानी के पुनर्चक्रण, वर्षा जल संचयन, और जल उपयोग में सुधार पर चर्चा की जाएगी। इस अभियान के दौरान, जिले के नागरिकों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियानों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों में जन जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जल संरक्षण के महत्व को स्थानीय लोगों तक पहुँचाने के लिए पोस्टर, बैनर, और अन्य प्रचार सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जिलेभर में इसका आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा "जल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है। इस अभियान के माध्यम से हम सभी को जल के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि सभी नागरिक इस अभियान में भाग लें और इसे सफल बनाएं।" जिससे जिले में जल संरक्षण की दिशा में भविष्य में पानी की कमी को लेकर आने वाली समस्याओं का समाधान भी हो सकेगा।

आदर्श ग्राम घुघरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ग्राम उत्सव

अमरपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुसार आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत प्रस्तावित आदर्श ग्राम घुघरी में ग्राम उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित मंचासीन सरपंच श्रीमती सेवकली धुर्वे की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि धोबी सिंह परस्ते सांसद प्रतिनिधि विशेष अतिथि सरपंच पति मोहन सिंह धुर्वे, पूर्व सरपंच छत्तर सिंह मरकाम, सामाजिक कार्यकर्ता हीरा सिंह मरकाम, ग्राम पंचायत से रोजगार सहायक कोटिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, मुक्कदम, ग्राम कोटवार, शिक्षक, सोशल मीडिया से बलराम राजपूत एवं विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के तैलीय चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंचासीनों को तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। इसके बाद 25 से 40 वर्ष की महिला पुरुषों का देशी खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें मटकी फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, कबड्डी, पिट्ठू, दौड़, रस्साकसी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शैला, रीना एवं ददरिया की प्रस्तुति की गई। उक्त समस्त खेलों की विजेताओं एवं ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता, नाड़ी ज्ञान एवं जड़ी बूटी ज्ञान वैद्य, टॉपर छात्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम कोटवार, मुकद्दम, साहसी व्यक्तियों को नवांकुर संस्था जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण समिति समनापुर रैयत अमरपुर द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इसके पूर्व विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आदर्श ग्राम के विषय तुलसी ग्राम, गौ ग्राम, जैविक खेती, जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, स्वच्छता, पौधारोपण, विवादहीन ग्राम के विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिसको ग्रामवासियों ने क्रमशः एक-एक विषयों को 100% सामूहिकता एवं स्वैच्छिकता से पूर्ण कर ग्राम को आदर्श बनाने की सहमति प्रदान की गई तथा सरपंच पति मोहन सिंह द्वारा शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन के साथ गांव को हर संभव मदद करने को कहा गया। इसके पश्चात सांसद प्रतिनिधि धोबी सिंह परस्ते द्वारा आदर्श ग्राम को चिन्हित करते हुए गांव को आदर्श बनाने हेतु आग्रह किया गया। तथा सामाजिक कार्यकर्ता छत्तर सिंह मरकाम और हीरा सिंह मरकाम द्वारा गांव में सभी को संगठित होकर सभी विषयों को पूर्ण करने की अपील की गई और आने वाले वर्ष में इससे और अच्छा कार्यक्रम करने के लिए कहा गया तथा कार्यक्रम के अंत में अशोक यादव मेंटर्स द्वारा उपस्थित मंचासीन एवं ग्रामवासियों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम समापन के पश्चात सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सभी परिवार के सदस्य सम्मिलित रहे।इस पूरे कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं से गणेश केवर्थ, राकेश कुमार मरावी, दशरथ मरावी, अरविंद यादव, श्याम सिंह धुर्वे, cmcldp मेंटर्स राधेश्याम बनवासी, लाल सिंह ठाकुर, मनोज कुमार तंतुवाय छात्रों में आशा मरकाम, फगनी धुर्वे, जयमती, मोहती एवं चमेली तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से सुक्रित देव सिंह, रूप सिंह एवं सदस्य तथा ग्रामवासियों का विशेष सराहनी सहयोग रहा।

कु. शौर्या साहू को किया गया सम्मानित

शहपुरा। साहू समाज शहपुरा द्वारा मां कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें कु. शौर्या साहू को कक्षा आठवीं में सर्वाधिक 97% अंक प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप, तेलंगाना के लिए चयनित होने पर नगर साहू समाज शहपुरा द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कु. शौर्या साहू की अनुपस्थिति में उनका सम्मान उनके पिता प्रशांत कुमार साहू द्वारा ग्रहण किया गया। ज्ञात होवे कि कु. शौर्या शहपुरा नगर के सेवानिवृत्त प्राचार्य के. डी. साहू की नातिन एवं उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में कार्यरत उ.मा.शिक्षक प्रशांत कुमार साहू एवं संदीपा साहू की सपुत्री हैं तथा पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगॉव, डिंडौरी में अध्ययनरत है। सभी शुभचिंतको द्वारा बिटिया शौर्या को अपना आशीर्वाद एवं शुभ कामनाएँ प्रेषित कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त गई।

जिला और राज्य स्तरीय उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

अनूपपुर। राज्य शासन द्वारा आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने का अच्छा प्रयास है बच्चे देश का भविष्य है उनके शिक्षा की नींव जितनी मजबूत होगी उतना ही बच्चों का भविष्य सशक्त होगा और देश मजबूत होगा उक्ताशय के विचार कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता सत्र 2024- 25 के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा, सहायक परियोजना समन्वयक बीआरसी जैतहरी विष्णु मिश्रा सहित विद्यार्थी, अभिभावक व शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि नौनिहालों के भविष्य को संवारने में अभिभावक और शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है आदर्शवान व संस्कारवान बच्चों के विकास में उनका संपूर्ण योगदान आवश्यक है कलेक्टर ने जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में विषय आधारित बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में कहीं कोई परेशानी नहीं होगी अगर कोई दिक्कत होती है तो वह जिला प्रशासन से मदद ले सकते हैं। ओलंपियाड 2024- 2025 के जिला एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के छात्र-छात्राओं, विषय शिक्षकों को कलेक्टर हर्षल पंचोली जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एवं जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा ने प्रमाण- पत्र, प्रतीक चिन्ह तथा आवश्यक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा दो के सानू सिंह इसी तरह आकाश यादव, आयांशी माझी, उषा नापित, अनीश यादव, काव्या, सरस्वती सिंह, रचित, रिया, अंशिका, लक्ष्मी सिंह, कीर्ति, अर्चिता मिश्रा, अंशु, आदित्य पांडे, शिवम प्रजापति नवनीत सिंह, सूरज चौधरी, संध्या सिंह के नाम शामिल हैं

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

खबर संक्षेप

बृजेश घारू को मिला इंटरनेशनल प्रशंसा पत्र

नरसिंहपुर। कराटे कोच सिहान बृजेश घारू फिफ्थ डान ब्लैक बेल्ट को इटली के मार्शल आर्ट्स ग्रैंड मास्टर माइकल एंजेलो रामुन्नी नाइंथ डान ब्लैक बेल्ट एवं इंडोनेशिया के मार्शल आर्ट्स ग्रैंड मास्टर काना पेना सुकमा द्वारा सिहान घारू को कराटे एवं मार्शल आर्ट्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को देखते वर्चुअल माध्यम से प्रशंसा पत्र दिया। सिहान बृजेश घारू विगत 35 वर्षों से कराते, सेल्फ डिफेंस मार्शल वेपन्स का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं साथ ही उनके द्वारा प्रशिक्षित स्टूडेंट्स लगातार स्टेट, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शानदार प्रदर्शन करते आ रहे हैं। श्री घारू की इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

नरसिंहपुर। जिले में 30 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारंभ और 31 मार्च को ईद उल फितर का त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 28 मार्च को प्रात 11 बजे से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, कथा एवं संत सम्मेलन हेतु भूमिपूजन कल

नरसिंहपुर। भगवान श्री सीताराम की अनुंपा से एवं श्री श्री 1008 श्री सनकादिक महाराज चित्रकूट धाम के सानिध्य में 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, श्रीराम कथा, श्रीराम लीला एवं विराट संत सम्मेलन 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चलेगा। पहले दिन 19 अप्रैल को शोभायात्रा निकलेगी। आयोजन समिति ने बताया कि श्री देव सिद्ध बाबा झिरना बायपास रोड पर आयोजित इस कार्यक्रम के लिए शनिवार 29 मार्च को यज्ञ के लिए भूमिपूजन एवं ध्वज स्थापन कार्यक्रम प्रात 11 बजे होगा। साथ ही यज्ञ में प्रतिदिन विविध कार्यक्रम होंगे। जिसमें 20 अप्रैल को आरती मंथन हवन एवं प्रतिदिन यज्ञ पूजन सुबह 7 से 10 बजे तक। हवन 10 से 2 बजे तक एवं श्रीराम कथा शाम 4 से शाम 7 बजे तक और श्रीराम लीला शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। इसके अलावा स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरीटेबिल ट्रस्ट द्वारा संचालिक शंकराचार्य नेत्रालय झौंतेश्वर द्वारा 20 एवं 21 अप्रैल को सुबह 10 से 3 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच परामर्श शिविर आयोजित होगा।

अशोक जूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता होंगे निर्णायक

नरसिंहपुर। नगर के जूडो कोच अशोक नामदेव को एक बार फिर उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होने जा रही जूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता की जूडो स्पर्धा में टेक्निकल अधिकारी नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति भारतीय जूडो महासंघ के द्वारा की गई है। इसके पूर्व भी श्री नामदेव अनेको बार यह दायित्व निभा चुके हैं व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले भारतीय जूडो टीम की चयन प्रतियोगिताओं में भी निर्णायक की भूमिका निभा चुके है। इस उपलब्धि पर जिले के सभी खेल संघो के पदाधिकारियों खेल क्लबो खेल प्रेमी जनों द्वारा बधाइयां प्रेषित की गई।

मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन कल

नरसिंहपुर। समीपी ग्राम मानेगांव में आगामी 29 मार्च को अमर शहीद ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह जी के शहीद दिवस पर युवा तरुणाई के उत्साहवर्धन हेतु एक दिवसीय गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अमर शहीद ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह स्मारक समिति मानेगांव के अध्यक्ष ठाकुर अजय सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 29मार्च को शहीद दिवस पर अमर शहीद रुद्र प्रताप की जन्म भूमि मानेगांव में मल्लखंब कार्यक्रम का विशाल आयोजन होगा। मल्लखंब, भारत का एक पारंपरिक खेल है. इसमें खिलाड़ी खंभे या रस्सी पर तरह-तरह के करतब दिखाते हैं। ग्राम सरपंच सुश्री प्रमिला सिंह ने बताया कि एक दिवसीय प्राचीन भारतीय शारीरिक संस्कृति आधारित अभ्यास वर्ग में सागर,जबलपुर और सिवनी से चयनित 60 जिमनास्ट मल्लखंब में लकड़ी के खंभे, बेंत या रस्सी पर हवाई योग आसन का प्रदर्शन करेंगे।

जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

पंचायतें स्वच्छ और स्वावलंबी बनें यह हमारी जिम्मेदारीः मंत्री श्री पटेल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गुरुवार को प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की मौजूदगी में जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत के सरदार वल्लभ भाई पटेल सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में मंत्री श्री पटेल ने विभागीय अधिकारियों से परिचय लिया। इसके पश्चात सर्वसम्मति से एक राष्ट्र- एक चुनाव के पक्ष में प्रस्ताव पारित किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार और अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे।

पंचायतें बनें स्वच्छ और स्वावलम्बी

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमारी यह जिम्मेदारी है कि हमारी पंचायत स्वच्छ और स्वावलंबी बनें। यह प्रयास करना होगा कि हम किसी पर निर्भर नहीं रहें। इसके लिए हमें यह देखना होगा कि गांव का गंदा पानी स्वच्छ जल स्रोत में तो नहीं मिल रहा है। नाली निर्माण इस तरह हो कि उसका पानी स्वच्छ जल को दूषित नहीं करें। इन सब महत्वपूर्ण बातों पर आप सभी को ध्यान देना होगा। हमें अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ना होगा। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश सहित जिले में भी 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य है कि जल स्रोतों का संरक्षण, पौधरोपण, जल संरचनाओं की सफाई, तालाबों की डिसिल्टिंग जैसे अन्य कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भूमि चिन्हित कर फेंसिंग की जाए, जिससे कि बारिश के पहले यहां पौधरोपण किया जा सके।

अधिकारियों को दिये निर्देश

बैठक में मंत्री श्री पटेल ने सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी के लिये इंटर डिस्ट्रिक्ट कनेक्टिविटी वाली सड़कों को पहचान करने और 5 वर्ष या उससे अधिक पुरानी सड़कों के नवीनीकरण की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत आने वाली सड़कों का मूल्यांकन करने के निर्देश दिये। इसकी विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारी प्रस्तुत करें। नेशनल हाइवे के समीप के गावों में सड़क मार्ग की कनेक्टिविटी है अथवा नहीं या जो सड़क मार्ग इससे छूट गए हैं, इनका सर्वे कर पांचवे फेज में शामिल करने के निर्देश भी बैठक में दिये। मंत्री श्री पटेल ने बैठक में कहा कि संबंधित विभाग और अधिकारी प्राथमिकतायें तय करें। ढिलमुल रवैया नहीं चलेगा।

भली भांति हो योजनाओं का संचालन

मंत्री श्री पटेल ने बताया कि अब हर चार माह में यह रिपोर्ट ली जायेगी कि जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष को पंचायतों के वित्तीय मामलों की जानकारी दी गई है या नहीं और अधिकारी- कर्मचारियों का रवैया कैसा है? शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों का क्रियान्वयन भलीभांति हो रहा है या नहीं? इसके लिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत की बैठक में शामिल हो। ठीक उसी प्रकार ग्राम पंचायतों की बैठक भी आयोजित हो और उसमें सरपंच व उपसरपंच की मौजूदगी रहे। पौधारोपण के दौरान पौधों का चयन बड़े ही सोच समझकर किया जाये। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पेयजल संकट के लिए क्या तैयारियां होनी चाहिए। यह पूर्व से स्पष्ट कार्य योजना के साथ निर्धारित हो।

तीन दिवसीय शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल झिरना रोड स्थित आयुष चिकित्सालय में मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन द्वारा लगाए गए निशुल्क ऑस्टियोपैथी दर्द निवारक चिकित्सा शिविर के तीसरे और अंतिम दिन शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि मंत्री श्री पटेल बुधवार को भी इस शिविर में आए थे। मंत्री श्री पटेल यहां मरीजों और उनके परिजनों से मिले, उनसे शिविर की जानकारी, उनका अनुभव और इस शिविर से उन्हें क्या लाभ मिला है यह जाना। समापन अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिले के लोगों के उत्साह और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को देखते हुए प्रतिवर्ष इस शिविर का आयोजन जिले मे किया जाएगा। लोगों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है उससे संबंधित सभी सुविधाएं उन्हें मिले यह जरूरी है आयुष परिसर में हर्बल गार्डन को विकसित किया जाए, एवं औषधीय पौधों की लिस्ट उपलब्ध कराने के निर्देश जिला आयुष अधिकारी डॉ सुरत्ना सिंह चौहान को दिए। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सरदार सिंह पटेल, सुनील कोठारी, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला आयुष अधिकारी डॉ सुरत्ना सिंह चौहान, जिला आयुष चिकित्सालय का अमला और हितग्राही मौजूद थे।

वार्ड विकास समिति के सदस्यों व पत्रकारों से नेता प्रतिपक्ष ने की चर्चा

मुशरान पार्क में सौंदर्यीकरण के कामों का मुआयना

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गुरुवार को नगर के मध्य अमृत 2.0 योजना के तहत विकसित हो रहे शहर के मुशरान पार्क में सौंदर्यीकरण के काम कराए जा रहे हैं। परिसर के विस्तार के साथ यहां पर हर उम्र के लोगों के लिए मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे। मुशरान वार्ड विकास समिति के सदस्यों व पत्रकारों के साथ नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष व मुशरान वार्ड पार्षद इंजी. रुद्रेश तिवारी द्वारा जारी निर्माण कार्यों का मुआयना किया। पार्क को और बेहतर से बेहतर बनाए जाने संबंधी सुझावों पर चर्चा की। पार्क में बैठक के दौरान पार्षद इंजी. रुद्रेश तिवारी ने बताया कि मुशरान पार्क का विकास अमृत 2.0 योजना के तहत नगरपालिका द्वारा करीब 64 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है। पार्क को विस्तृत रूप देने के लिए हालांकि प्रयास वर्ष 2021 से ही किए जा रहे थे। उनके द्वारा इसका प्रस्ताव भी जिला प्रशासन को दिया गया था, जिस पर सहमति तो रही लेकिन फंड की कमी के कारण सौंदर्यीकरण-विस्तारीकरण का काम मूर्तरूप नहीं ले सका था। यद्यपि नगर पालिका परिषद अब मुशरान पार्क के कायाकल्प की योजना को साकार रूप दे रही है। श्री तिवारी ने बताया कि पार्क में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं आदि सभी के लिए योग, मनोरंजन, मेडिटेशन के स्थान तय हैं। यहां पर लोग सपरिवार आकर सुकून ले सकेंगे। पार्क के कायाकल्प के लिए मुशरान वार्ड विकास समिति ने नगरपालिका परिषद समेत सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रदर्शित भी किया। मुआयना और बैठक के दौरान प्रमुख रूप से राजेंद्र मनोहर तिवारी, सुशील मिश्रा, ओपी दुबे, मनीष गुप्ता, प्रदीप नामदेव, आकाश ठाकुर, रमेश नामदेव, मुकेश नेमा, मनीष नेमा, जीतू रैकवार, रितेश राय, शमशाद खान, विजय सेन, दयाराम ठाकुर, ललित विश्वकर्मा, नरेंद्र सेन, प्रशांत, चिंटू राणा, संदीप, अन्नू, मुकेश हरीश पांडे, शिव अब्बू खान, उमाशंकर पटेल, राजकुमार दुबे, नितिन राय आदि मौजूद थे।

वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर मंत्री श्री पटैल ने कि पत्रकार वार्ता

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर म.प्र.शासन के केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने होटल अरिहंतश्री में पत्रकार बंधुओ से चर्चा करते हुए सर्वप्रथम आगामी 30 मार्च से शुरू होने वाले हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की परिकल्पना वन नेशन वन इलेक्शन को साकार करने के उद्देश्य से नरसिंहपुर, गोटेगांव नगरपालिका परिषद की साधारण सभा में प्रस्ताव पारित करके महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित किये गये है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार से एक देश एक चुनाव पर गंभीरता से विचार भी करना है लगातार चुनाव से होने वाले आर्थिक नुकसान, समय के नुकसाान, प्रशानिक ढ़ांचे की व्यस्तता के कारण उनके मूल कामो में जो गिरावट आती है ये चुनौतिया देश के सामने वर्षो से थी। लेकिन भारत सरकार ने जो प्रस्ताव रखा तो देश में एक उत्साह का वातावरण है इसलिए मैं गर्व के साथ कहता हूँ कि नरसिंहपुर जिले की 3 नगरपालिका और जिला पंचायत और कुछ जनपदो ने आज वन नेशन वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पारित करके महामहिम राष्ट्रपति को भेजे है हम प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते है कि उन्होने एक ऐसा अच्छा कदम उठाया है जो देश को समृद्ध भी करेगा एवं वैचारिक मान्यताओं को मजबूत भी करेगा । आगे बताया कि जिले में पत्रकार भवन के लिये 20 लाख रूपये की राशि एवं करेली में पत्रकार भवन के लिये 10 लाख रूपये की राशि आवंटित की है जिससे जल्द ही पत्रकार भवन का कार्य जिले में प्रारंभ होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रवक्ता वैभव नेमा ने बताया कि उक्त पत्रकारवार्ता में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, नरसिंहपुर नगर अध्यक्ष अंशुल नेमा, डॉ. नंदकिशोर पाराशर, डॉ.गौरव पाराशर उपस्थित रहे।

शनिवारी अमावस्या और शनि नक्षत्र का बन रहा दुर्लभ संयोग

तेंदूखेड़ा विक्रम संवत हिंदू वर्ष की समाप्ति चैत्र कृष्ण पक्ष शनिवार को है। इस दिन न्याय के देवता शनिदेव का उत्तराभाद्रपद नक्षत्र भी है। शनिवार का दिन अमावस्या तिथि और शनि देव के नक्षत्र का एक साथ यह विशिष्ट संयोग बहुत कम मिलता है। इस दुर्लभ संयोग में शनि की प्रसन्नता के लिए किए गए उपाय लाभदायक सिद्ध होते हैं। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि शनि की महादशा अंतर्दशा साढेसाती अथवा ढैया शनि की दशा से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों और समस्याओं के निवारण के लिए इस दिन शनि देव का तैलाभिषेक पूजन अर्चन शनि मंत्र का जप हवन और शनि को प्रसन्न करने वाली वस्तुओं का दान करना लाभदायक रहेगा। शनि देव वृद्ध बुजुर्ग और निराश्रित लोगों के पक्षधर हैं।

इको क्लब के द्वारा कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस शेर इको क्लब द्वारा हाई स्कूल खापा शेढ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन अर्चन के साथ किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि कैसे अनुपयोगी वस्तुओं, पदार्थ से दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया जा सकता है, जिसके अंतर्गत अनुपयोगी कपड़ों, कागजों, वस्तुओं आदि से विद्यार्थियों को उपयोगी वस्तुओं का निर्माण सिखाया गया। जिसमें कपड़ों और कागजों आदि से थैले, डस्टबिन, साज सज्जा के खिलौने इत्यादि का निर्माण करना विद्यार्थियों को सिखाया गया। कार्यशाला में मार्गदर्शन प्राचार्य एस के बक्शी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक कुबेर पटेल, ओंकार गोस्वामी, भूपेंद्र लोधी, प्रीति धुर्वे, गेंदालाल काछी, संकुल बरहटा से आए शिक्षक शंकर रजभर, स्वपनेश सर आदि सभी शिक्षकों के द्वारा कार्यशाला में उद्बोधन दिया तथा कार्यशाला संचालन में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यार्थियों के द्वारा अनेक अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी सामग्री का निर्माण किया गया।

आडियो वायरल के बाद मीडिया के सामने आये भाजपा नेता संतोष पटेल

राजनीतिक पद प्रतिष्ठा और चारित्रिक हत्या का प्रयास

तेंदूखेड़ा इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में वीडियो और ऑडियो खूब चर्चा के विषय बनें हुए हैं। फ़रवरी माह में एक महिला का आडियो वायरल होने के साथ फिर से एक और दूसरा आडियो भाजपा नेता संतोष पटेल को लेकर वायरल किया गया है। जिसे लेकर मीडिया के सामने आये भाजपा नेता संतोष पटेल ने इन घटनाओं के पीछे पद प्रतिष्ठा और चारित्रिक हत्या का प्रयास करने की सोची समझी रणनीति बताया है। तथा पार्टी से ही मेरी छवि है हमारी किसी गलत गतिविधि से पार्टी की छवि पर आंच ना आये को लेकर ही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्देश पर मैंने उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। मीडिया के सामने अपनी प्रतिक्रिया रखते हुए उन्होंने स्पष्ट किया है कि मैं शर्मिन्दा हूं कि मेरी एक छोटी सी बुरी आदत के कारण मुझसे एक चूक जरुर हुई है।जिसकी सार्वजनिक रूप से क्षमा प्रार्थी भी हूं। लेकिन एक माह बाद फिर से किसी व्यक्ति से राशि मांगने और हमारे नेताओं के खिलाफ अप शब्दों का प्रयोग कर अनावश्यक रूप से आडियो प्रवारित किया जा रहा है यह एक छोटी समझी रणनीति और मेरे पद प्रतिष्ठा और चरित्र पर कीचड़ उछालने का घृणित साजिश रची जा रही है।मैं अपने नेताओं के प्रति मान सम्मान हमेशा से करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। मेरी पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण भावना को देखते हुए पार्टी ने मुझे विभिन्न पदों पर दायित्व भी सौंपे जिनका बखूबी निर्वहन भी किया है।

कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्री शिवमहापुराण एवं रुद्राभिषेक शुभारंभ

तेंदूखेड़ा देव श्री सोमेश्वर मंदिर परिसर हिरनपुर में श्रीवास्तव परिवार द्वारा संगीतमय श्री शिवमहापुराण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुये इस आयोजन में प्रतिदिन रुद्राभिषेक सुबह 10बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक किया जाएगा तथा दोपहर तीन बजे से शाम 6 बजे तक पंडित ब्रजेश शास्त्री जी महाराज के द्वारा संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा का वर्णन किया जायेगा।प्रथम दिवस कथा व्यास ने भगवान भोलेनाथ की महिमा और देवाधिदेव महादेव क्यों कहलाते हैं के बारे में विस्तार से गुणानुवाद किया।3 अप्रैल को भंडारा प्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।आयोजक परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

ज्योति कलश यात्रा का जगह-जगह हो रहा जोरदार स्वागत

तेंदूखेड़ा देवीय युग निर्माण योजना व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण को धरती पर उतारने हेतु शांति कुंज हरिद्वार में लगभग 100 वर्षों से जल रहे अखंड दीप की प्रेरणा और सानिध्य में भारतीय संस्कृति के आधार भूत तत्वों की पुर्नस्थापना को लेकर संपूर्ण भारत के गांव गांव में ज्योति कलश यात्रा पहुंच रही है। यात्रा तेंदूखेड़ा क्षेत्र में गाडरवारा सड़क मार्ग से ककरा घाट से प्रवेश हुई यात्रा का ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने पर गायत्री परिजनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। टेकापार ढिलवार मदनपुर पीपरवानी में जगह-जगह स्वागत ज्योति कलश का पूजन किया गया। तथा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया।यह यात्रा 25 मार्च से 30 मार्च तक तेंदूखेड़ा क्षेत्र के ग्वारी टेकापार ढिलवार मदनपुर पीपरवानी तेंदूखेड़ा कठोतिया खेरुआ काचरकोना छत्तरपुर करहैया बारह सिमरिया बिल्थारी कढैली इमलिया नौरंगपुर काशीखैरी बरकुंडा मानकपुर बिजोरा अमथनु राजमार्ग में भ्रमण करेगी। जगह-जगह दीप यज्ञ विचार गोष्ठियां आयोजित की जायेगी। तेंदूखेड़ा नगर में पहुंचने पर विभिन्न संगठनों द्वारा यात्रा का स्वागत करते हुए कलश का पूजन अर्चन किया गया।